**भारत सरकार**
**योजना मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1809**
**दिनांक 03 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए**

**आकांक्षी जिलों का चयन**

**1809. श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे:**
**श्री देवजी एम. पटेल:**

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकांक्षी जिलों के चयन के लिए कौन से मानदंड निर्धारित किए गए हैं और देश में इसके अंतर्गत महाराष्ट्र सहित राज्य-वार कौन-कौन से जिले शामिल किए गए हैं;

(ख) इन आकांक्षी जिलों में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के प्रमुख मुद्दों का ब्यौरा क्या है;

(ग) आकांक्षी जिलों में कराए गए विकास संबंधी गतिविधियों की निगरानी हेतु कौन-सी केंद्रीयकृत तथा विकेंद्रीकृत प्रणाली मौजूद है;

(घ) क्या गत तीन वर्षों के दौरान 115 आकांक्षी जिलों में किए गए विकास कार्यों की निष्पादन संपरीक्षा की गई है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो उक्त संपरीक्षा को कब तक किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय**
**तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**
**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क): आकांक्षी ज़िलों के रुप में 117 ज़िलों का चयन किया गया था। इनमें 35 ऐसे ज़िले भी हैं जिनका चयन गृह मंत्रालय ने इन ज़िलों के वामपंथी उग्रवादग्रस्त (एल.डब्ल्यू.ई) होने के आधार पर

लिया है। शेष 82 ज़िलों का चयन एक व्यापक सूचकांक के आधार पर किया गया है। इन डेटा आधारों और संयुक्त सूचकांक में उनके भारांक की सूची अनुलग्नक-1 में है। इन ज़िलों के चयन के उपरान्त सभी राज्यों से अनुरोध किया गया था कि अगर राज्य किसी वस्तुनिष्ठ मानदंड के आधार पर इन ज़िलों को प्रतिस्थापित करना चाहे, तो भारत सरकार ऐसी सलाहों का स्वागत करेगी। तदनुसार, छह राज्यों, नामतः सिक्किम, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और गुजरात ने अपनी सूची में बदलाव के सुझाव दिए जिसे स्वीकार कर लिया गया। पश्चिम बंगाल सरकार, जहां से पाँच ज़िलों का चयन किया गया था, अभी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ है और इसलिए, फिलहाल आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम को 112 ज़िलों में ही कार्यान्वित किया जा रहा है। महाराष्ट्र में, इस कार्यक्रम के अंतर्गत 4 ज़िलों- वाशिम, उस्मानाबाद, नंदूरबार और गढचिरौली का चयन किया गया है। राज्यवार 112 आकांक्षी ज़िलों की सूची अनुलग्नक-।। में है।

(ख): आकांक्षी ज़िलों के चयन हेतु अलग से कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया था किंतु उक्त अनुलग्नक-। में संदर्भित डेटा आधारों का उपयोग किया गया था। इसमें सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना, (एस.ई.सी.सी) 2011 और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-IV से लिए गए आकड़े शामिल हैं।

(ग): आकांक्षी ज़िलों के विकास के अनुवीक्षण हेतु स्वास्थ्य, पोषण, स्कूल शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में 49 विशिष्ट निष्पादन संकेतकों की पहचान की गई थी। नीति आयोग ने championsofchange.gov.in नामक वेब पोर्टल बनाया है जिस पर जिले इन संकेतकों से संबंधित डेटा वास्तविक समय आधार पर दर्ज कर रहे हैं। ये डेटा मूल्य ज़िला, राज्य और केंद्रीय स्तर पर उपलब्ध हैं जिनसे इन स्तरों पर अनुवीक्षण सुविधाजनक हाता है। उत्तरोत्तर प्रगति के आधार पर ज़िलों की रैंकिंग की जाती है जिससे ज़िलों में स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा पैदा हुई है।

(घ): आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम की शुरुआत 5 जनवरी, 2018 को हुई थी। उपर्युक्त वेब पोर्टल पर प्रतिबिंबित 49 संकेतकों में हुए सुधार से ज़िला टीमों के लिए उनके कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन करना सुविधाजनक होता है। इसके अतिरिक्त, तृतीय पक्ष मूल्यांकक का एक दल भी परिवार-आधारित प्रतिदर्श सर्वेक्षण कर रहा है और ज़िला प्रशासन को फीडबैक उपलब्ध कराता है।

(ङ): उक्त (घ) के अनुसार।

(च): वेब पोर्टल काम कर रहा है। इसके अतिरिक्त, तृतीय पक्ष मूल्यांककों ने भी अब तक दो दौर का सर्वेक्षण पहले ही कर लिया है।

**अनुलग्नक-I**

## आकांक्षी ज़िलों के चयन हेतु संयुक्त सूचकांक

| डेटाबेस | क्षेत्रक | भारांक |
|---|---|---|
| शारीरिक श्रम पर निर्भर भूमिहीन परिवार (सामाजिक-आर्थिक जातिगत जनगणना-वंचन 7) | वंचन | 25 % |
| प्रसव-पूर्व देखभाल [राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार सर्वेक्षण(एनएचएफएस-4)] | स्वास्थ्य और पोषण | 7.5 % |
| सांस्थानिक प्रसव (एनएचएफएस -4) | | 7.5 % |
| 5 वर्ष से कम के बच्चों का अवरुद्ध विकास (एनएफएचएस-4) | | 7.5 % |
| 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में अपक्षय (एनएफएचएस-4) | | 7.5 % |
| प्रारंभिक ड्रॉपआउट दर [एकीकृत ज़िला शिक्षा सूचना प्रणाली (यू-डीआईएसई) 2015-16] | शिक्षा | 7.5 % |
| असंतोषजनक विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात (यू-डीआईएसई 2015-16) | | 7.5 % |
| बिजलीरहित परिवार (विद्युत मंत्रालय) | इन्फ्रा | 7.5 % |
| व्यक्तिगत शौचालयरहित परिवार (पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय) | | 7.5 % |
| प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से अछूते गांव (ग्रामीण विकास मंत्रालय) | | 7.5 % |
| जल सुविधारहित ग्रामीण परिवार (पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय) | | 7.5 % |
| कुल | | 100 |

**अनुलग्नक-II**

**नीति आयोग (112 आकांक्षी ज़िलों की सूची)**

| क्र.सं. | राज्य | ज़िला |
|---|---|---|
| 1 | आंध्रप्रदेश | विजयनगरम |
| 2 | आंध्रप्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 3 | आंध्रप्रदेश | वाईएसआर कडपा |
| 4 | अरूणाचल प्रदेश | नमसाई |
| 5 | असम | गालपाड़ा |
| 6 | असम | बारपेटा |
| 7 | असम | हैलाकांडी |
| 8 | असम | बक्सा |
| 9 | असम | दरांग |
| 10 | असम | उदालगुड़ी |
| 11 | असम | धुबरी |
| 12 | बिहार | सीतामढ़ी |
| 13 | बिहार | अररिया |
| 14 | बिहार | पूर्णिया |
| 15 | बिहार | कटिहार |
| 16 | बिहार | मुजफ्फरपुर |
| 17 | बिहार | बेगूसराय |
| 18 | बिहार | खगड़िया |
| 19 | बिहार | बांका |
| 20 | बिहार | शेखपुरा |
| 21 | बिहार | औरंगाबाद |
| 22 | बिहार | गया |
| 23 | बिहार | नवादा |
| 24 | बिहार | जमुई |
| 25 | छत्तीसगढ़ | कोरबा |
| 26 | छत्तीसगढ़ | राजनंदगांव |
| 27 | छत्तीसगढ़ | महासमुंद |
| 28 | छत्तीसगढ़ | कांकेर |
| 29 | छत्तीसगढ़ | नारायणपुर |
| 30 | छत्तीसगढ़ | दंतेवाड़ा |
| 31 | छत्तीसगढ़ | बीजापुर |
| 32 | छत्तीसगढ़ | बस्तर |
| 33 | छत्तीसगढ़ | कोंडागांव |
| 34 | छत्तीसगढ़ | सुकमा |
| 35 | गुजरात | दाहोद |

| | | |
|---|---|---|
| 36 | गुजरात | नर्मदा |
| 37 | हरियाणा | मेवात |
| 38 | हिमाचल प्रदेश | चंबा |
| 39 | जम्मू और कश्मीर | कुपवाड़ा |
| 40 | जम्मू और कश्मीर | बारामूला |
| 41 | झारखंड | गढ़वा |
| 42 | झारखंड | चतरा |
| 43 | झारखंड | गिरिडीह |
| 44 | झारखंड | गोड्डा |
| 45 | झारखंड | साहिबगंज |
| 46 | झारखंड | पाकुर |
| 47 | झारखंड | बोकारो |
| 48 | झारखंड | लोहरदगा |
| 49 | झारखंड | पूर्वी सिंहभूम |
| 50 | झारखंड | पलामू |
| 51 | झारखंड | लातेहार |
| 52 | झारखंड | हजारीबाग |
| 53 | झारखंड | रामगढ़ |
| 54 | झारखंड | दुमका |
| 55 | झारखंड | रांची |
| 56 | झारखंड | खूंटी |
| 57 | झारखंड | गुमला |
| 58 | झारखंड | सिमडेगा |
| 59 | झारखंड | पश्चिमी सिंहभूम |
| 60 | कर्नाटक | रायचूर |
| 61 | कर्नाटक | यादगीर |
| 62 | केरल | वायनाड |
| 63 | मध्यप्रदेश | छतरपुर |
| 64 | मध्यप्रदेश | दमोह |
| 65 | मध्यप्रदेश | बड़वानी |
| 66 | मध्यप्रदेश | राजगढ़ |
| 67 | मध्यप्रदेश | विदिशा |
| 68 | मध्यप्रदेश | गुना |
| 69 | मध्यप्रदेश | सिंगरौली |
| 70 | मध्यप्रदेश | खंडवा |
| 71 | महाराष्ट्र | नंदुरबार |
| 72 | महाराष्ट्र | वाशिम |
| 73 | महाराष्ट्र | गडचिरौली |
| 74 | महाराष्ट्र | उस्मानाबाद |

| | | |
|---|---|---|
| 75 | मणिपुर | चंदेल |
| 76 | मेघालय | रिभोई |
| 77 | मिज़ोरम | मामित |
| 78 | नगालैंड | किफायर |
| 79 | ओडिशा | धेनकनाल |
| 80 | ओडिशा | गजपति |
| 81 | ओडिशा | कंधमाल |
| 82 | ओडिशा | बलांगीर |
| 83 | ओडिशा | कालाहांडी |
| 84 | ओडिशा | रायगढ़ |
| 85 | ओडिशा | कोरापुट |
| 86 | ओडिशा | मल्कानगिरी |
| 87 | ओडिशा | नवरंगपुर |
| 88 | ओडिशा | नुआपाड़ा |
| 89 | पंजाब | मोगा |
| 90 | पंजाब | फिरोजपुर |
| 91 | राजस्थान | धौलपुर |
| 92 | राजस्थान | करौली |
| 93 | राजस्थान | जैसलमेर |
| 94 | राजस्थान | सिरोही |
| 95 | राजस्थान | बारन |
| 96 | सिक्किम | पश्चिम सिक्किम |
| 97 | तमिलनाडु | विरुधुनगर |
| 98 | तमिलनाडु | रामनाथपुरम |
| 99 | तेलंगाना | आसिफाबाद |
| 100 | तेलंगाना | भोपापल्ली |
| 101 | तेलंगाना | भद्राद्रि |
| 102 | त्रिपुरा | धलाई |
| 103 | उत्तरप्रदेश | चित्रकूट |
| 104 | उत्तरप्रदेश | फतेहपुर |
| 105 | उत्तरप्रदेश | बहराईच |
| 106 | उत्तरप्रदेश | श्रावस्ती |
| 107 | उत्तरप्रदेश | बलरामपुर |
| 108 | उत्तरप्रदेश | सिद्धार्थनगर |
| 109 | उत्तरप्रदेश | चंदौली |
| 110 | उत्तरप्रदेश | सोनभद्र |
| 111 | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर |
| 112 | उत्तराखंड | हरिद्वार |

*****